FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना पचोखरा दिनाँक 25-10-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोटकी स्थित मंदिर से घण्टे (पीतल धातु) चोरी करने वाले 04 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तारा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना पचोखरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मु0अ0सं0 201/2024 धारा 305 बीएनएस0 थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.अम्बुज देव गौतम पुत्र ग्रीश चन्द्र, 2.कुलदीप कुमार पुत्र राजवीर सिंह, 3.देवप्रताप सिंह पुत्र किशन लाल, 4.कीर्ति वर्धन पुत्र सत्यवीर सिंह को नारखी रोड पर ग्राम श्रीनगर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे से दिनाँक 22.10.2024 को ग्राम कोटकी स्थित मन्दिर से चोरी किये गये 13 घण्टे (पीतल धातु) बरामद किये गये है। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 201/24 में धारा 317(2) बीएनएस0 की बढोत्तरी कर अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई गयी है।

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 22-10-2024 को थाना पचोखरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोटकी स्थित मंदिर से 13 पीतल धातु के घण्टे चोरी कर लिये गये थे जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना पचोखरा पर मु0अ0सं0 201/2024 धारा 305 बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना पचोखरा पुलिस टीम का गठन किया गया था। थाना पचोखरा पुलिस टीम के द्वारा मु0अ0सं0 201/24 में वांछित अभियुक्तों को माल बरामदगी सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण -

1.अम्बुज देव गौतम पुत्र ग्रीश चन्द्र निवासी नारखी धौकल थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
2.कुलदीप कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी नारखी धौकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3.देवप्रताप सिंह पुत्र किशन लाल निवासी ग्राम नारखी तालुका थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4.कीर्ति वर्धन पुत्र सत्यवीर सिंह निवासी नारखी धौकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. चोरी किये गये 13 पीतल धातु के घण्टे।
2. 02 लोहा काटने की आरी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-</u>

1.पारुल मिश्रा थानाध्यक्ष थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

2.उ0नि0 अलखराम थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

3.है0का0 34 प्रान्जल प्रभात थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

4. का0 692 सुनील कुमार थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

5. का0 501 अंकित कुमार थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

6. का0 342 अंकित मलिक थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।